उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Service Selection Commission

पत्रांक सं० 290 दिनांक / Date 04.05.18

कार्यालय ज्ञाप/विज्ञप्ति

आयोग के पत्र सं0 60 दिनांक 6/4/2018 के द्वारा विभिन्न परीक्षाओं का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया है। इस कार्यक्रम में दिनाँक 6 मई 2018 को इण्टरमीडिएट शैक्षिक अर्हता वाले विभिन्न पदों को क्लब करके लिखित परीक्षा निर्धारित की गयी है। इसमें विज्ञापन सं0 04/2016 के पदकोड 6.1 से 6.4, कनिष्ठ सहायक, विज्ञापन सं0–05/2016 पद कोड 30.1 से 30.4, कनिष्ठ सहायक/डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, विज्ञापन सं0 7/2016 के पदकोड 64.1, नलकूप चालक, पद कोड 66.1, कार्यपर्यवेक्षक, पदकोड 69.1 राजस्व सहायक, पद कोड 83.1 ग्रेडिंग पर्यवेक्षक तथा विज्ञापन संख्या 08/2017 पद कोड 74.1 से 74.5, कनिष्ठ सहायक/कम्प्यूटर ऑपरेटर के पदों को क्लब कर परीक्षा करायी जा रही है।

उल्लेखनीय है कि क्लबिंग का निर्णय निर्धारित प्रक्रिया से इस कारण से लिया गया था कि परीक्षायें समय पर सम्पन्न हो सकें साथ ही कई ऐसे अभ्यर्थी जो प्रवीणता सूची में कुछ अंक से ही स्थान नहीं ले पाते थे उन्हें भी चयन का अवसर प्राप्त हो सके।

इन विज्ञापनों में तत्समय अभ्यर्थियों को विभिन्न विभागों के पद होने के कारण विभागों का वरीयता क्रम चुनने का विकल्प दिया गया था। यह विकल्प मुख्य रूप से कनिष्ठ सहायक पद पर दिये गये थे। अब चूँकि परीक्षा क्लब करके कराई जा रही अतः अब अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के उपरांत प्रवीणता सूची में प्राप्तांकों के क्रम में विभिन्न विभागों या पद कोड में से किसी एक विभाग/पद कोड को चुनने का विकल्प दिया जायेगा। उपरोक्त विज्ञापन सं0 04/2016 दिनाँक 26/2/2016 विज्ञापन सं0 05/2016 दिनाँक 3/8/2016 विज्ञापन सं0 07/2017 दिनाँक 13/10/2016 तथा विज्ञापन सं0 08/2017 दिनाँक 3/1/2017 को इस सीमा तक संशोधित समझा जाय।

आज्ञा से,

(संतोष बडोनी)
सचिव

प्रतिलिपिः– 1– परीक्षा नियंत्रक
2–आयोग की वेबसाइट में प्रकाशन के लिए
3– गाई फाइल

(संतोष बडोनी)
सचिव